# इटावा पुलिस

**प्रेसनोट दिनांक 28.10.2025**

## मु0अ0सं0 376/25 से संबंधित 02 अभियुक्तों इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार।
## कब्जे से घटना मे प्रयुक्त 01 नेक्सॉन कार बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में इटावा पुलिस **थाना बकेवर पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**

दिनांक 27.10.2025 को वादी श्री विवेक सिंह, यातायात/मालकर अधिकारी जनपद इटावा द्वारा थाना बकेवर पर सूचना दी गयी कि सुबह समय करीब लगभग 05:00 बजे जब अपने आवास से प्रवर्तन कार्य(चैकिंग) के लिये निकला, इसी दौरान 02 कार पीछे पीछे आती दिखाई दी। जिन्होने हमारी रेकी करते हुये इटावा कानपुर मार्ग पर रांग साइड से टक्कर मारने की कोशिश की। इसके बाद महेवा से बकेवर के बीच मे चैकिंग कार्य के दौरान वाहन 23 BH 8239F द्वारा रांग साइड से आकर सामने से जान से मारने की नियत से टक्कर मारने की कोशिश की गयी जिससे मेरा वाहन पलटने तथा पीछे से आ रहे ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा।

तहरीर के आधार पर थाना बकेवर पर **मु0अ0सं0 376/25 धारा 109/132/127(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-**

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे दिनांक 27/28.10.2025 की रात्रि को थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुई कि मुकदमा उपरोक्त मे वांछित अभियुक्त गण उसी कार मे कही जाने की फिराक मे पूर्वी तिराहे से आगे औरैया की तरफ रोड़ पर खडे है। सूचना पर तत्काल थाना बकेवर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये **02 अभियुक्तगण हरवीर यादव पुत्र हृदयराम व महेन्द्र प्रताप उर्फ विपिन यादव पुत्र चन्द्रपाल यादव को पूर्वी तिराहे से आगे औरैया की तरफ रोड़ से घटना मे प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार किया गया।**

**बरामद घटना मे प्रयुक्त नेक्सॉन कार को एमवीएक्ट के तहत सीज किया गया।**

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1. हरवीर यादव पुत्र हृदयराम निवासी नगला अनूप थाना करहल जनपद मैनपुरी।
2. महेन्द्र प्रताप उर्फ विपिन यादव पुत्र चन्द्रपाल यादव निवासी लक्ष्मीराम कॉलोनी थाना फ्रेंड्स कॉलोनी जनपद इटावा।

**पंजीकृत अभियोग-**

मु0अ0सं0 376/25 धारा 109/132/127(2) बीएनएस थाना बकेवर जनपद इटावा।

**बरामदगी-**

1. 01 टाटा नेक्सॉन कार 23 BH 8239F घटना मे प्रयुक्त ( **एमवीएक्ट मे सीज** )

**पुलिस टीमः-** थानाध्यक्ष बकेवर श्री विपिन मलिक, उ0नि0 स्वदेश कुमार, उ0नि0 दयाशंकर वर्मा, का पंकज, का0 रवि, का0 विजय कुशवाहा , का0 सुनील कुमार।